भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

16.02.2024-अखिल भारतीय

भारतीय जीवन बीमा निगम की नई योजना " एलआईसी का अमृतबाल" (योजना 874) लॉन्च हुई

भारतीय जीवन बीमा निगम ने एक नया उत्पाद एलआईसी का अमृतबाल, डॉ. विवेक जोशी, सचिव, वित्तीय सेवाएं, वित्त मत्रांलय, भारत सरकार के हाथों लॉन्च किया। यह प्लान 17.02.2024 से बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। एलआईसी के अमृतबाल के लिए विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) यूआईएन: 512N365V01 है

एलआईसी की अमृतबाल एक व्यक्तिगत, बचत, जीवन बीमा योजना है। यह योजना विशेष रूप से बच्चे की उच्च शिक्षा और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि रखने के लिए बनाई गई है। यह शुरुआत से लेकर पॉलिसी अवधि के अंत तक प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में 80 रुपये प्रति हजार मूल बीमा राशि की दर से निश्चित अभिवृद्धि (guaranteed additions) के माध्यम से धन संचय की सुविधा प्रदान करता है, बशर्ते पॉलिसी लागू हो।

- प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 0 वर्ष (30 दिन पूर्ण) है। प्रवेश के समय अधिकतम आयु 13 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है।
- परिपक्वता पर न्यूनतम आयु 18 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है और परिपक्वता पर अधिकतम आयु 25 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है |
- 5, 6 या 7 वर्ष की लघु प्रीमियम भुगतान अवधि उपलब्ध है।
- सीमित प्रीमियम भुगतान के लिए न्यूनतम पॉलिसी अवधि-10 वर्ष और एकल प्रीमियम भुगतान-5 वर्ष है।
- सीमित/एकल प्रीमियम भुगतान के लिए अधिकतम पॉलिसी अवधि 25 वर्ष है और POSP-LI/CPSC-SPV के माध्यम से खरीदी गई पॉलिसियों के लिए 20 वर्ष है।
- न्यूनतम बीमा राशि रु. 2,00,000/- और अधिकतम मूल बीमा राशि के लिए कोई सीमा नहीं (शर्तों के अधीन)।
- परिपक्वता की तारीख पर, चालू पॉलिसियों के लिए निश्चित अभिवृद्धि के साथ परिपक्वता पर बीमा राशि देय होगी। परिपक्वता राशि को सेटलमेंट ऑप्शन के माध्यम से 5, 10 या 15 वर्षों के किश्तों में लेने का विकल्प भी उपलब्ध है।
- प्रस्तावक के पास एकल प्रीमियम और सीमित प्रीमियम भुगतान में से प्रत्येक के तहत उपलब्ध दो विकल्पों के अनुसार "मृत्यु पर बीमा राशि" चुनने का विकल्प होगा।
- जोखिम कवर अवधि के दौरान, चालू पॉलिसी के लिए "मृत्यु पर बीमा राशि" के साथ अर्जित निश्चित अभिवृद्धि, मृत्यु हितलाभ के रुप में देय होगी।
- एलआईसी का प्रीमियम वेवर बेनिफिट राइडर पात्रता शर्तों के अधीन अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करके उपलब्ध है।
- उच्च मूल बीमा राशि व ऑनलाइन बिक्री के तहत पूरे किए गए प्रस्ताव के लिए छूट है।
- शर्तों के अधीन पॉलिसी अवधि के दौरान ऋण उपलब्ध होगा।
- यह योजना एक असंबद्ध, असहभागी योजना है।

योजना को एजेंटों / अन्य मध्यस्थों के माध्यम से ऑफ़लाइन और साथ ही वेबसाइट www.licindia.in के माध्यम से सीधे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है।

कृपया अधिक जानकारी के लिए पूर्ण उत्पाद प्रॉस्पेक्टस और बिक्री विवरणिका देखें या हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर जाएं।

16 फरवरी, 2024 मुंबई।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण) भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई। ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर विजिट करें।

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी हैं। हालाँकि हम इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए आपको धन्यवाद देंगे, हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर है।

नोट : प्रेस विज्ञप्ति के किसी भी मद में विवाद व संदेह की स्थिती में अंग्रेजी भाषा के विषयक को अंतिम माना जाएगा।